## महत्वपूर्ण एवं खास

### विश्व हाथी दिवस कार्यक्रम का आयोजन 12 को

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में 12 अगस्त को विश्व हाथी दिवस के अवसर पर हाथियों के संरक्षण एवं संवर्धन पर केंद्रित राष्ट्रीय स्तर के विश्व हाथी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। विश्व हाथी दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष सम्मानित अतिथि तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न राज्य से वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के पुलिस डिपार्टमेंट में बड़ा फेरबदल किया गया है। दरअसल एक ही जगह पर लंबे समय से जमे पुलिसकर्मियो को इधर से उधर भेजा गया है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ल ने ट्रांसफर ऑर्डर जारी किया है। इस लिस्ट में 100 के करीब पुलिसकर्मियों का नाम शामिल है। जारी आदेश के अनुसार 23 सब इंस्पेक्टर, 3 एएसआई और 70 हवलदारों का ट्रांसफर किया गया है। इनमें रक्षित केंद्र के 11 सब इंस्पेक्टरों का नाम भी शामिल है।

### पिकअप पलटने से 10 वर्षीय बच्ची की मौत

**कवर्धा (आरएनएस)।** श्रद्धालुओ से भरी तेज रफ्तार पिकअप वाहन टर्निंग के दौरान अनियंत्रित होकर पलटी, 10 साल की एक बच्ची वैष्णवी साहू पिता सुरेंद्र साहू, ग्राम किरकि जिला बेमेतरा की पिकअप में दबने से मौके पर हुई मौत,10 से अधिक लोग घायल,20 से अधिक लोग पिकअप में थे सवार, घायलों को एंबुलेश की मदद से इलाज के लिए भेजा रहा जिला अस्पताल, भोरमदेव मंदिर दर्शन करके सरोधा बांध घूमने जा रहे थे श्रद्धालु,बेमेतरा जिला के ग्राम किरकी रहने वाले पिकअप सवार लोग। भोरमदेव थाना क्षेत्र के हरमो गांव पास की घटना,मौके से पिकअप चालक दालू वर्मा हुआ फरार,भोरमदेव थाना पुलिस की टीम मौके पर मौजूद। पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने की पुष्टि।

### गांजा तस्करी करते युवती सहित चार गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** टिकरापारा और मंदिरहसौद पुलिस ने गांजा के साथ गांजा तस्करी करते अलग-अलग मामलों में युवती सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 56 किलो 372 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कुल कीमत करीब 8 लाख 69 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने भाठागांव बस स्टेण्ड के पास आरोपी रितेश भोथरे 23 वर्ष व राजाराम राजपूत 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 6 किलो 72 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार क्रमांक सीजी 04 पीबी 4532 में सवार आरोपी सतीश अग्रवाल 42 वर्ष व कुमारी तामेश्वरी 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कार में रखे 50 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# पटेल पाली में बनेगा मॉडल मंडी, वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के पहल से प्रथम चरण में 1.67 करोड़ के निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति

- वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी सुबह-सुबह पहुंचे निरीक्षण में
- शेड युक्त चबूतरे, बड़ा गोदाम, किसान सदन और कैंटीन होगा तैयार, बनाई जाएंगी बीटी सड़कें
- मंडी परिसर में सीसीटीवी कैमरे और हाई मास्क लाइट लगाए जाएंगे, सौ टन का धरम कांटा भी होगा स्थापित





**रायगढ़**

रायगढ़ के पटेल पाली की थोक सब्जी मंडी का वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के पहल से कायाकल्प होने जा रहा है। इसके लिए प्रथम चरण में 1 करोड़ 67 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी आज सुबह मंडी परिसर के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने थोक सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात कर चर्चा की और पटेलपाली में होने वाले निर्माण और मरम्मत कार्यों के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली और इस संबंध महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि पटेल पाली मंडी सब्जियों और फलों के लिए रायगढ़ जिले का प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। इसे मॉडल मंडी के रूप में तैयार कर यहां आने वाले किसानों के लिए तमाम जरूरी बुनियादी सुविधाएं तैयार की जाएंगी। जिससे किसानों को सुविधाजनक माहौल मिलने के साथ ही उनके व्यापार को भी बढ़ावा मिले। उन्होंने पटेल पाली मंडी में चबूतरे में स्टांप कांक्रीटीकरण करने के निर्देश दिए जिससे चबूतरे मजबूत और आकर्षक बने। इसके साथ ही चबूतरे के ऊपर कवरशेड बनाने के निर्देश दिए। गेट से अंदर आने वाली सड़क को बीटी रोड बनाने के लिए कहा। परिसर में एक बड़ा गोदाम और किसान सदन तथा कैंटीन भी तैयार करने के निर्देश उन्होंने दिए। इसके साथ ही यहां पर एटीएम शुरु करने के लिए भी कहा। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने अधिकारियों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

गौरतलब है कि पटेलपाली थोक सब्जी और फल मंडी का कायाकल्प कर इसे मॉडल मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के प्रयासों से इसके लिए 1 करोड़ 67 लाख रुपए की स्वीकृति छ.ग.राज्य कृषि विपणन बोर्ड से मिली है। जिससे यहां आने वाले किसानों और सब्जी और फल के क्रेता-विक्रेताओं को सभी जरूरी सुविधाएं यहां मिल सके। स्वीकृति उपरांत अब निविदा की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किए जायेंगे। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, प्रभारी सहायक आयुक्त महेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी व थोक सब्जी विक्रेता संघ के पदाधिकारी और व्यापारी सहित कृषकगण उपस्थित रहे।

### पटेलपाली मॉडल मंडी में होंगी ये सुविधाएं

पटेल पाली मंडी के लिए स्वीकृत कार्यो में 07 छायादार चबुतरा का मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य किया जायेगा। परिसर में निर्मित सी.सी.रोड की मरम्मत के साथ यहां वाहनों की पार्किंग का निर्माण भी इसमें शामिल है। पटेल पाली सब्जी मंडी प्रांगण में स्ट्रीट लाईट एवं हाई मास्क लाईट की मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य किया जायेगा। इसके अलावा मेन गेट, चेक पोस्ट स्थापित करने के साथ काऊ केचर, बूम बेरियर और परिसर में सी.सी. टी.वी.कैमरा लगाने का कार्य व कम्प्यूटर सेट, तड़ित चालक लगाने का काम होगा। यहां 100 टन का धरमकांटा कम्प्यूटर सेट व अन्य जरूरी उपकरणों के साथ लगाया जाएगा। परिसर में शौचालय (पुरूष एवं महिला),पेयजल घर निर्माण किया जाएगा। बची खुची सब्जियों के गारबेज मैनेजमेंट के लिहाज से वर्मी कम्पोस्ट टंकी बनाने के साथ कंपोस्ट मशीन लगवाई जायेगी।

## आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही है हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**रायगढ़**



केंद्र सरकार नई दिल्ली एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा शहीदों, क्रांतिकारियों, स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान के लिये 9 से 15 अगस्त 2024 तक तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ और मैराथन, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सम्मान, तिरंगा सम्मान का निबंध, चित्रकला एवं वाद विवाद, तिरंगा कॉनसट्र्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान, तिरंगा मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित कर जनमानस में जागृति लाने का निर्देश दिये गये है।

निर्देश के परिपालन में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों में शनिवार 10 अगस्त को बच्चों को तिरंगा शपथ दिलाया गया। साथ ही तिरंगा का सम्मान घर-घर और आमजन पहुचे इसके लिये स्कूलों में साईकल रैली और तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिक्षकों, बच्चों, पालकों, आमजन, जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबन्ध समिति के सदस्यों से अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सभी से आग्रह किया जा रहा है कि अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुये सेल्फी वेबसाइट हर घर तिरंगा डॉट कॉम में अपलोड करें।

**निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिता का होगा आयोजन-** राज्य के निर्देश के अनुरूप रायगढ़ जिले के सभी शासकीय शालाओं में आगामी 13 अगस्त को तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

## 29 वर्ष की सेवा पूरा होने पर बच्चों को खिलाया न्यौता भोजन

**रायगढ़**



राज्य शासन के निर्देश अनुसार मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त पूरक पोषक आहार के रूप में न्यौता भोजन खिलाये जाने का प्रावधान किया गया है, जिसमें कोई भी आमजन अपने जन्मदिन, वर्षगाँठ जैसे अवसरों पर स्कूलों में पूरक पोषक आहार न्यौता भोज स्कूल के बच्चों को खिला सकते है। उन्हें यह भोजन स्कूल में ही मध्यान्ह भोजन के साथ खिलाना होता है। इसी कड़ी में रायगढ़ जिले के लैलूंगा विकासखंड के वनांचल ग्राम लमडांड संकुल केंद्र लमडांड माध्यमिक शाला लमडांड में पदस्थ भृत्य दादू लाल पटेल, माध्यमिक शाला लमडांड के प्रथम सेवा नियुक्ति तिथि के 29 वीं वर्षगांठ के अवसर पर 10 अगस्त को ग्राम लमडांड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला आदिवासी पारा, प्राथमिक शाला लमडांड, आंगनबाड़ी एवं माध्यमिक शाला लमडांड में अध्यनरत लगभग 105 बच्चों, स्वीपर, रसोईया एवं पदस्थ सभी शिक्षकों को छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना न्योता भोज के रूप में सभी को भरपेट खोवा से बना जलेबी व मिक्सर खिलाया गया। दादू लाल पटेल द्वारा प्रतिवर्ष 22 जनवरी को अपने जन्म दिवस शाला परिवार के साथ पिछले 10 वर्ष से शाला परिवार के साथ मनाया जा रहा है।

दादुलाल पटेल अपना जन्म दिवस प्रतिवर्ष बच्चों के साथ धूमधाम से मनाते हैं। ये सभी बच्चों से बहुत स्नेह करते हैं व कर्तव्य के प्रति सचेत रहते हैं। माध्यमिक शाला लमडांड के प्रधान पाठक दयाराम बेहरा द्वारा शुभकामना ज्ञापित किया गया तथा शाला के सभी शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा सम्मान कर उनके द्वारा दिये गये न्यौता भोज के लिये पूरे शाला परिवार की ओर से धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक दयाराम बेहरा, शिक्षक सुभाषिनी भोय, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला आदिवासी पारा संतोष कुमार चौहान, सहायक शिक्षक साधना चौहान, जगदीश राम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सभी रसोइया स्वीपर व माध्यमिक शाला लमडांड के शाला समिति के सदस्य विजय बेहरा उपस्थित रहे।

## पंचधारी डेम के पास 11 जुआरी गिरफ्तार, 96 हजार से अधिक नकदी जब्त

- कोतवाली पुलिस की जुआ फड पर बड़ी कार्यवाई
- जुआरियों पर जुआ प्रतिषेध अधिनियम की कार्यवाही कर भेजा जेल

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के मार्गदर्शन पर सिटी कोतवाली पुलिस की टीम ने पंचधारी डेम के पास जुआ खेल रहे 11 लोगों को गिरफ्तार कर उनकी जुआ-संबंधी गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाया।

टाउन पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंचधारी डेम के किनारे कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की गंभीरता को समझते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल ने तत्काल कार्रवाई का निर्णय लिया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जुआडियान के फड और पास से पुलिस ने कुल 96,280 रुपये नकद, ताश के 52 पत्ते और एक प्लास्टिक की बोरी बरामद की है।

इस कार्रवाई से शहर में अवैध जुआ गतिविधियों पर नकेल कसने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 के तहत की गई, जिसमें जुआ खेलने के आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया। रायगढ़ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध पर रोकथाम की जा सके।

टीआई सुखनंदन पटेल के नेतृत्व पर जुआ रेड की कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक जयलाल जायसवाल, बनारसी सिदार, आरक्षक संदीप मिश्रा, जगन्नाथ साहू, उत्तम सारथी, मनोज पटनायक, रोशन एक्का और भगवती प्रसाद रत्नाकर शामिल थे।

जुआडियान का पूर्ण विवरण-

1. राजू यादव पिता भगत राम यादव उम्र 48 वर्ष निवासी शिवाजी नगर लकडी टाल के पास रायगढ़
2. आकाश अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल उम्र 40 वर्ष निवासी सिद्धी विनायक कालोनी रायगढ़
3. कन्हैया साहू पिता मुन्ना साहू उम्र 41 वर्ष निवासी नवागढी रायगढ़
4. राजेश कुमार पिता नारायण प्रसाद उम्र 40 वर्ष निवासी रामगुडी पारा रायगढ़
5. मोह0 अरमान पिता मोह0 सुलेमान उम्र 37 वर्ष निवासी चांदनी चौंक तुर्का पारा रायगढ़
6. नरेश श्रीवास पिता तुलाराम श्रीवास उम्र 33 वर्ष निवासी रामगुडी पारा रायगढ़
7. नागेश बरेठ पिता स्व0 दशरथ बरेठ उम्र 39 वर्ष निवासी धोबीपारा रायगढ़
8. नौशाद खान पिता कुर्बान खान उम्र 30 वर्ष निवासी बीडपारा रायगढ़
9. मोह0 गुलफाम पिता पीर मोहम्मद उम्र 40 वर्ष निवासी चांदनी चौंक रायगढ़
10. इम्तियाज हुसैन पिता मुर्तजा हुसैन उम्र 45 वर्ष निवासी ढिमरापुर बजाज शोरूम के पास रायगढ़
11. समीर खान पिता मोह0 मुनीर खान उम्र 37 वर्ष निवासी चांदनी चौंक रायगढ़

## सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़

**बस्तर-रायपुर।** आरएनएस



दंतेवाड़ा के थाना गीदम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इकेली,नेलगोड़ा तुमनार के आसपास जंगल पहाडिय़ों में 10-15 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की सूचना थी। उक्त आसूचना के आधार पर आज ज़िला दंतेवाड़ा के डीआरजी बस्तर फाइटर्स द्वारा क्षेत्र में नक्सल गश्त सर्च अभियान चलाया गया। उफनती हुई इन्द्रावती की तेज़धार को अपनी जान की परवाह न करते हुए जवानों ने नदी पार करके इस अभियान को अंजाम दिया। अभियान के दौरान डीआरजी बस्तर फ़ाईटर्स दंतेवाड़ा की टीम पर माओवादियों द्वारा नुक़सान पहुँचाने की नीयत से ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। सुरक्षाबलों द्वारा मोर्चा सम्भाल कर जवाबी कार्यवाही की गई। फ़ायरिंग रुकने पश्चात घटनास्थल की सर्चिंग करने पर एक पुरुष माओवादी का शव हथियार और नक्सल सामग्री सहित बरामद हुआ है। मुठभेड़ उपरांत बरामद माओवादी शव ( जो संभवत: प्लाटून 16 का सदस्य था )की शिनाख्तगी कार्यवाही की जा रही है। इस मुठभेड़ में और भी नक्सलियो के घायल होने की प्रबल संभावना है । समस्त सुरक्षाबल की टीम सुरक्षित है। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जायेगी।

## योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री साय को उपहार में भेजा आमों का टोकरा

- साय ने कहा- स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों से भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करने और उन्हें सम्मान देने का यह उत्कृष्ट तरीका
- स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े काकोरी के नाम से उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है आमों की ब्रांडिग
- मुख्यमंत्री साय ने कहा- इन आमों में बसी हैं भगवान राम की यादें

**रायपुर।** आरएनएस



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उपहार में काकोरी आमों की टोकरी पाकर उन्हें पत्र लिखकर हृदय से धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा है कि यह उपहार पाकर मैं अत्यंत भावुक और अभिभूत हूं।

मुख्यमंत्री साय ने योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा है कि आपके मधुर संदेश के साथ मुझे प्राप्त हुए काकोरी आमों का स्वाद अत्यंत ही मधुर है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पहचान आमों से भी है और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से भी। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन दोनों पहचानों को एकाकार करते हुए जो अद्भुत पहल की है, वह प्रेरक है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान देने का यह श्रेष्ठ तरीका है। इससे हम अपने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करते हुए उस महान संग्राम की यादों को अपने सबसे प्रिय क्षणों में शामिल कर सकेंगे।

श्री साय ने पत्र में उल्लेख किया है कि ऐतिहासिक रूप से भी उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ भावनात्मक रूप से हमेशा जुड़े रहे हैं। उत्तर कोसल और दक्षिण कोसल के रूप में पहचाने वाले दोनों भू-भागों के निवासीगण राजा राम की ही प्रजा रहे हैं। प्रभु श्रीराम की माता कौशल्या ने छत्तीसगढ़ में जन्म लिया और भगवान राम का जन्म अयोध्या में हुआ। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम जब भी अयोध्या से छत्तीसगढ़ ननिहाल आते रहे होंगे, तब उनके साथ रसीले आमों के टोकरे भी जरूर आते रहे होंगे, तभी छत्तीसगढ़ के आमों में भी ऐसा ही स्वाद है। वनवास के समय यहां के आम हमारे रामलला को वहां के आमों की अवश्य याद दिलाते रहे होंगे।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी आमों के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय को भेजे गए पत्र में उत्तरप्रदेश में आमों के प्रचुर उत्पादन और वहां की लोकप्रिय प्रजातियों का विस्तार से उल्लेख किया है। उन्होंने बताया है कि स्वतंत्रता संग्राम का साक्षी रहा काकोरी आम उत्पादन का भी प्रमुख केंद्र है। उत्तर प्रदेश सरकार ने आमों का विपणन काकोरी ब्रांड के नाम से शुरू किया है।

## वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के रायगढ़ ब्रांच का किया लोकार्पण

**रायगढ़**




वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने आज अग्रोहाधाम में आयोजित कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के रायगढ़ शाखा का शुभारंभ किया। इस मौके पर इस्ट्यिूट्ट ऑफ चार्टड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रंजीत कुमार अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि यह पहल हमारे युवाओं को रायगढ़ में विश्वस्तरीय शिक्षा व पेशेवर अवसर प्रदान करेगी। इसके साथ ही अकाउंटिंग और वित्तीय सेवाओं में उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लेकर हम चल रहे हैं। इसमें चार्टेड अकाउंटेंट्स की अहम भूमिका होगी। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस की उपयोगिता पर युवाओं से विशेष रूप से कहा कि भविष्य में इसका दायरा काफी विस्तृत होगा। वित्तीय प्रबंधन में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस महत्वपूर्ण किरदार अदा करेगा। ऐसे में युवाओं को अपने आप को इसके लिए भी तैयार करना चाहिए। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि रायगढ़ में इस संस्थान की शाखा के स्थापना से अंचल में संचालित औद्योगिक इकाइयों को इसका टैक्सेशन और ऑडिट से जुड़े मामलों में लाभ मिलेगा। साथ ही यहां के युवा जो सीए के रूप अपना करियर बनाना चाहते हैं उनके लिए भी काफी सहूलियत होगी।

इस मौके पर आईसीएआई रायगढ़ ब्रांच के मैनेजिंग कमिटी के चेयरमैन सीए बालकीशन केडिया, वॉइस चेयरमेन सीए आलोक कुमार अग्रवाल , सचिव सीए अरूण कुमार अग्रवाल, ट्रेजरआर सीए करण अग्रवाल सहित रायगढ़ सीए एसोसिएशन के सदस्यों सहित झारसूगड़ा, भिलाई, बिलासपुर, रायपुर एवं दिल्ली आईसीएआई के सद्स्य भी मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480